**भारत सरकार**

**श्रम और रोजगार मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- 3932**

**सोमवार, 18 अगस्त, 2025/27 श्रावण, 1947 (शक)**

**अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए कोचिंग सेंटर**

**3932. श्री जी. एम. हरीश बालयोगी:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार आंध्र प्रदेश में अनुसूचित जाति।/अनुसूचित जनजाति के लिए कोचिंग केंद्र/व्यावसायिक मार्गदर्शन केंद्र संचालित कर रही है;

(ख) यदि हाँ, तो वर्तमान में देश में कार्यरत ऐसे केंद्रों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या और जिला-वार स्थान का ब्यौरा क्या है और आंध्र प्रदेश के विशेषकर कोनासीमा जिला सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं;

(ग) देश में पिछले तीन वर्षों में उक्त केंद्रों में प्राप्त आवेदनों और वर्तमान में नामांकित छात्रों की आंध्र प्रदेश के विशेषकर कोनासीमा जिला सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या कितनी है और उनकी जिला-वार संख्या कितनी है;

(घ) उक्त केंद्रों में नामांकित अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं, जैसे निःशुल्क आवास, भोजन, छात्रवृत्ति, यात्रा भत्ता आदि का ब्यौरा क्या है, और देश में राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार तथा आंध्र प्रदेश में जिला-वार और केंद्र-वार लाभार्थियों की संख्या कितनी है;

(ङ) क्या सरकार की चालू वित्तीय वर्ष के दौरान आंध्र प्रदेश में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के युवाओं के लिए नए कोचिंग/व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने की कोई योजना है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान आंध्र प्रदेश में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए कोचिंग केंद्रों हेतु आवंटित, जारी और उपयोग की गई धनराशि का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(छ) आंध्र प्रदेश में प्रशिक्षण के बाद रोजगार प्राप्त करने वाले/प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने वाले अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों की वर्षवार और जिला-वार संख्या कितनी है?

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) एवं (ख) श्रम और रोजगार मंत्रालय "अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति रोजगार चाहने वालों के कल्याण" संबंधी योजना कार्यान्वित कर रहा है। इस योजना का उद्देश्य

व्यावसायिक मार्गदर्शन, करियर परामर्श, कम्प्यूटर प्रशिक्षण, भर्ती-पूर्व प्रशिक्षण आदि के माध्यम से अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के रोजगार चाहने वालों की नियोजनीयता में वृद्धि करना है। अब तक, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के अनुरोध के अनुसार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए 25 राष्ट्रीय करियर सेवा केन्द्र (आन्ध्र प्रदेश में विशाखापट्टनम में एक केन्द्र सहित) खोले जा चुके हैं और कार्यरत हैं। इन केंद्रों की लोकेशन **https://dge.gov.in/dge/ncsc_for_sc/sts** पर देखी जा सकती है।

(ग): देश में पिछले तीन वर्षों के दौरान प्राप्त आवेदनों की संख्या और नामांकित छात्रों की संख्या का आंध्र प्रदेश सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा अनुबंध-I में दिया गया है।

(घ): प्रत्येक उम्मीदवार को प्रति माह 1000 रुपये के वजीफे का प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से भुगतान किया जाता है तथा इसके अलावा पूरे पाठ्यक्रम के लिए प्रत्येक उम्मीदवार को 1000 रुपये की निःशुल्क पुस्तकें और स्टेशनरी भी दी जाती है। आन्ध्र प्रदेश सहित देश में लाभार्थियों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या अनुबंध II में दी गई है।

(ङ): इस योजना में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के अनुरोध पर इन केन्द्रों को मॉडल संस्थानों के रूप में खोलने की परिकल्पना की गई है जिसमें अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के रोजगार चाहने वालों की नियोजनीयता में वृद्धि करने के लिए मार्गदर्शन/कोचिंग/प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार अपनी आवश्यकता के आधार पर अपने संसाधनों से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में इसी प्रकार के केंद्र खोलने के लिए स्वतंत्र हैं।

(च): यह एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है। इस योजना के अंतर्गत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र को निधियों का कोई विशिष्ट आबंटन नहीं किया जाता है।

(छ) इस योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के रोजगार चाहने वालों की नियोजनीयता में वृद्धि करना है, तथापि, रोजगार मेलों का आयोजन करके अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को रोजगार देने के प्रयास भी किए जाते हैं। एनसीएससी केंद्र, विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश) द्वारा राज्य सरकार/गैर सरकारी संगठनों आदि के सहयोग से आयोजित नौकरी मेलों के माध्यम से वर्ष 2023-25 के दौरान 191 एससी/एसटी उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं।

*****

अनुबंध-I

**लोक सभा के दिनांक 18.08.2025 के अतारांकित प्रश्न संख्या 3932 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**केंद्रों के नामांकित छात्रों और प्राप्त आवेदनों की संख्या**

| क्र.स. | एनसीएससी-एससी/एसटी | 2024-25 | | 2023-24 | | 2022-23 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्राप्त आवेदनों की संख्या | नामांकित छात्रों की संख्या | प्राप्त आवेदनों की संख्या | नामांकित छात्रों की संख्या | प्राप्त आवेदनों की संख्या | नामांकित छात्रों की संख्या |
| **1** | **आइजोल** | 302 | 155 | 229 | 155 | 275 | 250 |
| **2** | **बेंगलुरु** | 369 | 245 | 484 | 260 | 589 | 450 |
| **3** | **भुवनेश्वर** | 393 | 245 | 399 | 245 | 626 | 475 |
| **4** | **चेन्नई** | 375 | 245 | 358 | 245 | 582 | 400 |
| **5** | **दिल्ली** | 455 | 325 | 455 | 325 | 325 | 230 |
| **6** | **गुवाहाटी** | 357 | 245 | 403 | 295 | 481 | 400 |
| **7** | **हिसार** | 557 | 155 | 400 | 170 | 705 | 450 |
| **8** | **हैदराबाद** | 551 | 245 | 512 | 245 | 511 | 350 |
| **9** | **इंफाल** | 276 | 155 | * | * | 402 | 240 |
| **10** | **जबलपुर** | 269 | 155 | 449 | 170 | 706 | 550 |
| **11** | **जयपुर** | 405 | 155 | 614 | 155 | 461 | 350 |
| **12** | **जालंधर** | 226 | 155 | 224 | 155 | 350 | 275 |
| **13** | **जम्मू** | 574 | 305 | 463 | 305 | 300 | 225 |
| **14** | **जोवाई** | 280 | 155 | 350 | 155 | 174 | 129 |
| **15** | **कानपुर** | 730 | 325 | 557 | 350 | 1370 | 940 |
| **16** | **कोहिमा** | 198 | 155 | 196 | 155 | 183 | 150 |
| **17** | **कोलकाता** | 486 | 245 | 564 | 260 | 641 | 350 |
| **18** | **ऊना (तत्कालीन मंडी)** | 259 | 155 | 250 | 155 | 624 | 425 |
| **19** | **नागपुर** | 531 | 155 | 365 | 155 | 742 | 400 |
| **20** | **नाहरलगुन** | 271 | 155 | 207 | 155 | 312 | 250 |
| **21** | **पुदुचेरी** | 190 | 155 | 189 | 155 | 207 | 150 |
| **22** | **रांची** | 303 | 155 | 392 | 155 | 736 | 480 |
| **23** | **सूरत** | 330 | 245 | 530 | 265 | 391 | 265 |
| **24** | **तिरुवनंतपुरम** | 309 | 245 | 290 | 245 | 411 | 370 |
| **25** | **विशाखापट्टनम** | 233 | 155 | 227 | 155 | 60 | 50 |
| **योग** | | **9229** | **5085** | **9107** | **5085** | **12164** | **8604** |

**टिप्पणी: * वर्ष के दौरान जातीय हिंसा के कारण यह योजना नहीं चली।**

अनुबंध- **II**

**लोक सभा के दिनांक 18.08.2025 के अतारांकित प्रश्न संख्या 3932 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**करियर परामर्श/व्यावसायिक मार्गदर्शन/भर्ती-पूर्व प्रशिक्षण/टंकण और आशुलिपि प्रशिक्षण, विशेष कोचिंग योजना और कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों की संख्या**

| एनसीएससी का नाम | 2024-25 | | |
|---|---|---|---|
| | कैरियर परामर्श/व्यावसायिक मार्गदर्शन/भर्ती-पूर्व प्रशिक्षण/टंकण और आशुलिपि प्रशिक्षण | विशेष कोचिंग योजना | कंप्यूटर प्रशिक्षण |
| आइजोल | 3,356 | 80 | 75 |
| बेंगलुरु | 10,087 | 80 | 165 |
| भुवनेश्वर | 12,583 | 80 | 165 |
| चेन्नई | 12,681 | 80 | 165 |
| दिल्ली | 13,653 | 160 | 165 |
| गुवाहाटी | 10,780 | 80 | 165 |
| हिसार | 9,743 | 80 | 75 |
| हैदराबाद | 13,727 | 80 | 165 |
| इंफाल | 7,274 | 80 | 75 |
| जबलपुर | 11,871 | 80 | 75 |
| जयपुर | 23,186 | 80 | 75 |
| जालंधर | 15,168 | 80 | 75 |
| जम्मू | 4,505 | 80 | 225 |
| जोवाई | 6,135 | 80 | 75 |
| कानपुर | 20,968 | 160 | 165 |
| कोहिमा | 9,867 | 80 | 75 |
| कोलकाता | 12,710 | 80 | 165 |
| ऊना (तत्कालीन मंडी) | 5,427 | 80 | 75 |
| नागपुर | 12,725 | 80 | 75 |
| नाहरलगुन | 3,746 | 80 | 75 |
| पुदुचेरी | 10,698 | 80 | 75 |
| रांची | 13,524 | 80 | 75 |
| सूरत | 12,839 | 80 | 165 |
| तिरुवनंतपुरम | 12,937 | 80 | 165 |
| विशाखापत्तनम | 3,965 | 80 | 75 |
| **कुल** | **2,74,155** | **2,160** | **2,925** |